# CET EXAM 2022

## स्नातक स्तर ......

## प्रैक्टिस सेट-4

व्याख्या सहित – फ्री मॉडल पेपर

WWW.RAJASTHANCLASSES.IN

सामान्य विज्ञान
वस्तुनिष्ठ प्रश्न
Click Here

भारत GK
◆ प्रश्नोत्तरी ◆ नोट्स
सम्पूर्ण PDF
Click Here डाउनलोड

सम्पूर्ण नोट्स PDF
विषयवार ई-बुक
सभी PDF यहां से डाउनलोड करें

भारत सामान्य ज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

सामान्य विज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

1. शृंगी ऋषि का शिलालेख किस समय का है?

(A) 1428 ई. (B) 1439 ई.

(C) 1458 ई. (D) 1460 ई.

2. चारण कवि करणीदान किनके दरबारी थे?

(A) महाराणा अजीतसिंह (B) महाराणा अभयसिंह

(C) महाराजा जसवन्त सिंह (D) महाराजा मानसिंह

3. निम्न में से किस किले को रघुनाथगढ़ भी कहा गया है?

(A) नागौर दुर्ग (B) चौमूँ का किला

(C) माधोराजपुरा का किला (D) भटनेर दुर्ग

4. बीकानेर के महाराजा ........ लाहौर से उस्ता कला के चित्रकारों को बीकानेर लाए थे।

(A) सूरसिंह (B) अनूपसिंह

(C) रायसिंह (D) कर्णसिंह

5. निम्न में से कौन-सी रचना पिंगल भाषा की है?

1. संगत रासौ 2. रतन रासौ 3. खुमाण रासौ

(A) 1, 3 (B) 1, 2

(C) 2, 3 (D) 1, 2, 3

6. भोजन थाली मेला लगता है-

(A) मंडोर (जोधपुर) (B) कामां (भरतपुर)

(C) सादड़ी (पाली) (D) बाड़ी (धौलपुर)

7. निम्न में से कौन-से नृत्य सहरिया जनजाति के हैं?

1. मोरिया 2. लहंगी

3. रामण 4. शिकारी

(A) 1, 2 (B) 3, 4

(C) 2, 4 (D) 2, 3, 4

8. जयदयाल सोनी व हमीर बेग किस ख्याल के प्रसिद्ध कलाकार हैं?

(A) अली बख्सी ख्याल (B) तुर्रा कलंगी ख्याल

(C) कुचामनी ख्याल (D) शेखावाटी ख्याल

9. दादू पंथ के संबंध में सत्य कथनों का चयन कीजिए-

1. दादू पंथ की स्थापना 1554 ई. में हुई।

2. हारोजी, हांसोजी, पालोजी व टोडर जी दादू जी के शिष्य थे।

3. इनकी मुख्य पीठ भैराणा पहाड़ी पर है।

(A) 1, 2 (B) 1, 3

(C) 2, 3 (D) 1, 2, 3

10. गोगाजी के संबंध में असत्य कथनों का चयन कीजिए-

1. इनके पिता का नाम जेवर सिंह तथा माता का नाम बाछल देवी था।

2. भाद्रपद शुक्ल नवमी को गोगाजी की स्मृति में मेला भरता है।

3. गोगाजी के थान नीम के वृक्ष के नीचे होते हैं।

(A) 1, 3 (B) 2, 3

(C) 1, 2 (D) 1, 2, 3

**11. चन्द्रमहल (सिटी पैलेस) का निर्माण करवाया-**

(A) सवाई रामसिंह (B) सवाई जयसिंह

(C) सवाई माधोसिंह (D) सवाई प्रतापसिंह

**12. औदुम्बर व सरस्वती नामक मासिक पत्रिका का सम्पादन किसने किया?**

(A) हरिभाऊ उपाध्याय (B) कैप्टन दुर्गाप्रसाद

(C) हरिभाई किंकर (D) रामनारायण चौधरी

**13. निम्न में से सत्य कथनों का चयन कीजिए -**

1. राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी द्वारा मीरा पुरस्कार दिया जाता है।

2. राजस्थान साहित्य अकादमी की मासिक पत्रिका मधुमति है।

3. राजस्थान ललित कला अकादमी की स्थापना 1957 में हुई।

(A) 1, 2 (B) 2, 3

(C) 1, 3 (D) 1, 2, 3

**14. मत्स्य संघ के मंत्री मंगलसिंह किस रियासत से थे?**

(A) भरतपुर (B) करौली

(C) धौलपुर (D) अलवर

**15. तेधड़ आभूषण पहना जाता है-**

(A) पैर (B) कमर

(C) सिर (D) कंठ

**16. ऋग्वेद के संदर्भ में कौनसा/से कथन सही है/हैं-**

1. यह सबसे पहला वेद है।

2. इसमें पहला और दसवाँ मण्डल सबसे बाद में जोड़े गये हैं।

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**17. निम्नलिखित में से कौन अंतिम मौर्य सम्राट था?**

(A) कुणाल (B) वृहद्रथ

(C) जालौक (D) उदयन

**18. निम्न में से किस गुप्त शासक ने विक्रमादित्य की उपाधि धारण की?**

(A) चन्द्रगुप्त प्रथम (B) समुद्रगुप्त

(C) चन्द्रगुप्त द्वितीय (D) स्कंदगुप्त

**19. दिल्ली सल्तनत के किस शासक ने 'खून और फौलाद' की नीति अपनाई?**

(A) अलाउद्दीन खिलजी (B) बलबन

(C) मोहम्मद तुगलक (D) सिकंदर लोदी

**20. बाबर के संदर्भ में सत्य कथनों का चयन कीजिए-**

1. बाबर भारत में आने से पूर्व फरगना का शासक था।

2. बाबर ने 1504 ई. में काबुल पर अधिकार किया।

3. बाबर तैमूर वंश का था।

(A) 1, 3 (B) 1, 2

(C) 2, 3 (D) 1, 2, 3

**21. मद्रास में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के आधिवास का स्थान किस नाम से जाना जाता था?**

(A) फोर्ट विलियम (B) फोर्ट सेंट जॉर्ज

(C) फोर्ट कनिंघम (D) फोर्ट लुईस

**22. थियोसोफिकल सोसायटी का नेतृत्व किसने किया था?**

(A) ए.ओ. ह्यूम (B) ऑर्थर ग्रिफिथ

(C) एनी बेसेंट (D) लॉर्ड डफरीन

**23. भारत के राष्ट्रगीत को पहली बार कांग्रेस के किस सत्र में गाया गया?**

(A) 1896 के कलकत्ता अधिवेशन में

(B) 1906 के कलकत्ता अधिवेशन में

(C) 1890 के कलकत्ता अधिवेशन में

(D) 1911 के कलकत्ता अधिवेशन में

**24. गांधी जी ने खेड़ा सत्याग्रह कब किया?**

(A) फरवरी, 1918 (B) मार्च, 1918

(C) अप्रैल, 1918 (D) जून, 1918

**25. निम्न में से कौन काकोरी षड्यंत्र (नया नाम - काकोरी ट्रेन एक्शन) का हिस्सा नहीं थे?**

(A) रोशन सिंह (B) चंद्रशेखर

(C) भगत सिंह (D) रामप्रसाद बिस्मिल

**26. 1857 की क्रांति के क्रांतिकारी मेहराब खान का जन्म हुआ-**

(A) कोटा (B) करौली

(C) भरतपुर (D) मथुरा

**27. मानगढ़ सम्मेलन कब हुआ?**

(A) 17 सितंबर, 1913 (B) 17 दिसंबर, 1913

(C) 17 नवंबर, 1913 (D) 17 जनवरी, 1913

**28. जीवन कुटीर नामक समाज सेवी संस्था की स्थापना किसने की?**

(A) जमनालाल बजाज (B) हीरालाल शास्त्री

(C) अर्जुनलाल सेठी (D) जयनारायण व्यास

**29. राजस्थान महिला परिषद का गठन कहाँ किया गया था?**

(A) अजमेर (B) जयपुर

(C) उदयपुर (D) जोधपुर

**30. जौहरी लाल इंदु, मूलचंद, केशवदेव व केदारनाथ किस प्रजामण्डल के प्रमुख नेता थे?**

(A) करौली (B) धौलपुर

(C) अलवर (D) भरतपुर

**31. असुमेलित कथन है-**

(A) नीला थोथा - $CuSO_4.5H_2O$

(B) सिल्वर ब्रोमाइड - $AgBr$

(C) सिल्वर नाइट्रेट - $AgNO_2$

(D) नाइट्रिक अम्ल - $HNO_3$

**32. ऐक्वारेजिया बनता है-**

(A) हाइड्रोकार्बन अम्ल के तीन भाग में नाइट्रिक अम्ल का आधा भाग मिलाने पर।

(B) हाइड्रोजन परॉक्साइड व नाइट्रिक अम्ल से।

(C) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के 3 भाग व नाइट्रिक अम्ल का 1 भाग।

(D) इनमें से कोई नहीं

**33. साबुन के उत्पाद में सहउत्पाद है-**

(A) वसा अम्ल (B) सोडियम हाइड्रोक्साइड

(C) सोडियम लवण (D) ग्लिसरॉल

**34.** $N_2 + 3H_2 \xrightarrow{Fe(Mo)} 2NH_3$ **अभिक्रिया में $Mo$ की भूमिका किस रूप में है?**

(A) उत्प्रेरक वर्धक (B) उत्प्रेरक विष

(C) स्वउत्प्रेरक (D) ऋणात्मक उत्प्रेरक

**35. निम्नलिखित को सुमेलित करें-**

| पदार्थ | पाया जाने वाला अम्ल |
|---|---|
| (क) नींबू | (1) ऐसीटिक अम्ल |
| (ख) इमली | (2) सिट्रिक अम्ल |
| (ग) खट्टा दूध | (3) टार्टरिक अम्ल |
| (घ) सिरका | (4) लैक्टिक अम्ल |

| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**36. असुमेलित कथन है-**

| अनाज | वैज्ञानिक नाम |
|---|---|
| (A) गेहूं | टिटिकम एस्टाइवम |
| (B) चावल | ओराइजा सेटाइवा |
| (C) मक्का | जीआ मेज |
| (D) चना | पेनिसिटम टाईफाइडिस |

**37. प्रोसोपिस सिनेरेरिया है-**

(A) राजस्थान का राज्य पुष्प (B) राजस्थान का राज्य पशु

(C) राजस्थान का राज्य फल (D) राजस्थान का राज्य वृक्ष

**38. जैवमण्डल आरक्षित क्षेत्रों की सूची में असंगत कथन है-**

(A) नीलगिरि - केरल, तमिलनाडु

(B) कंचनजंघा - हिमाचल प्रदेश

(C) सिमलीपाल - ओडिशा

(D) मानस - असम

**39. रेड डेटा बुक के संबंध में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?**

(A) यह लाल वर्णकधारी पादपों एवं प्राणियों की सूची है।

(B) यह उन जातियों के संबंध में आंकड़े प्रस्तुत करती है जो विलुप्त हो चुकी हैं।

(C) यह उन पादपों एवं प्राणियों की सूची है जो लाल सागर में विद्यमान है।

(D) यह उन वन्य जीव व वनस्पति प्रजातियों के संबंध में आंकड़े प्रस्तुत करती है जो विलोपन से संकटापन्न है।

40. प्रेयरी व सवाना घास के मैदान क्रमशः किन देशों में पाये जाते हैं?
(A) उत्तरी अमेरिका व न्यूजीलैंड
(B) अफ्रीका व उत्तरी अमेरिका
(C) दक्षिण अमेरिका व अफ्रीका
(D) उत्तरी अमेरिका व अफ्रीका

41. अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी 'नासा' द्वारा हबल टेलीस्कोप के स्थान पर कौन-सा टेलीस्कॉप लॉन्च किया गया?
(A) वाशिंगटन स्पेस टेलीस्कोप
(B) जॉन हॉपकिंस टेलीस्कोप
(C) जेम्स वेब टेलीस्कोप
(D) सेमुअल टेलीस्कोप

42. इसरो द्वारा लॉन्च पहले थीडी वर्चुअल स्पेस म्यूजियम को क्या नाम दिया गया?
(A) SHINE (B) SPACE
(C) HOPE (D) SPARK

43. भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत के संदर्भ में असत्य कथन है-
(A) इसका निर्माण कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा किया गया।
(B) इसका निर्माण 2014 में शुरू हुआ।
(C) इसकी लंबाई 262 मीटर, तथा चौड़ाई 62 मीटर है।
(D) इसकी अधिकतम गति 28 नॉटिकल मील है।

44. असुमेलित है-

| | पदार्थ | प्रोटीन |
|---|---|---|
| (A) | अनाज | ग्लूटेनिल्स |
| (B) | दाल | एल्ब्यूमिन |
| (C) | दूध | केसीन |
| (D) | रक्त | ग्लूबिन |

45. निम्न में से कौन-सा संक्रामक रोग का उदाहरण नहीं है?
(A) एड्स (B) टाइफाइड
(C) रक्तक्षीणता (D) मलेरिया

46. भारत का सबसे शक्तिशाली सुपर कम्प्यूटर कौन-सा है?
(A) परम सिद्धि (B) परम प्रवेगा
(C) परम गति (D) परम हाई

47. पदार्थ की प्रतिरोधकता किन बातों पर निर्भर करती है?
(1) प्रतिरोध की लम्बाई पर
(2) अनुप्रस्थ काट पर
(3) प्रतिरोध के पदार्थ पर
(4) प्रतिरोध के ताप पर
सत्य कथन हैं?
(A) 1, 2, 4 (B) 1, 3, 4
(C) 1, 2, 3 (D) सभी सत्य हैं

48. प्राथमिक सेल के बारे में असत्य कथन है-
(A) इन सेलों में रासायनिक ऊर्जा विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित होती है।
(B) इन्हें पुनः आवेशित नहीं किया जा सकता है।

(C) शुष्क सेल, वोल्टीय सेल, लेक्लांशी सेल प्राथमिक सेल के उदाहरण हैं।

(D) सभी कथन सत्य हैं।

**49. असंगत कथन है-**

| पशु | नस्ल |
|---|---|
| (A) भैंस | भदावरी |
| (B) गाय | साहिवाल |
| (C) बकरी | चोकला |
| (D) भेड़ | चनोथर |

**50. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का नोडल विभाग है?**

(A) सिंचाई विभाग (B) जलदाय विभाग

(C) कृषि विभाग (D) उद्यानिकी विभाग

**51. राज्य में सर्वाधिक व न्यूनतम कार्य सहभागिता दर वाले जिलों का सही क्रम है:-**

(A) जयपुर-प्रतापगढ़ (B) प्रतापगढ़-जयपुर

(C) जयपुर-डूंगरपुर (D) डूंगरपुर-जयपुर

**52. सरसों का ईंजन छाप तेल कारखाना किस जिले में है?**

(A) जयपुर (B) अलवर

(C) भरतपुर (D) करौली

**53. रेगिस्तानी क्षेत्र में राजस्थान जल क्षेत्र पुनर्गठन परियोजना किसकी सहायता से संचालित है?**

(A) एशियन डवलपमेंट बैंक (B) विश्व बैंक

(C) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (D) न्यू डवलपमेंट बैंक

**54. इंदिरा गांधी नहर परियोजना के संदर्भ में असुमेलित है:-**

| शाखा | जिला |
|---|---|
| (A) शहीद बीरबल | बीकानेर |
| (B) सागरमल गोपा | जैसलमेर |
| (C) रावतसर | हनुमानगढ़ |
| (D) दांतौर | बीकानेर |

**55. सेमफेक्स व फ्लेक्सी योजना किस संस्था द्वारा संचालित की जाती है?**

(A) राजसीको (B) रीको

(C) राज्य वित्त निगम (D) रूडा

**56. मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना के संदर्भ में असुमेलित है-**

| आयु वर्ग | राशि |
|---|---|
| (A) 18-55 | 500 रु प्रतिमाह |
| (B) 55-60 | 750 रु प्रतिमाह |
| (C) 60-75 | 1000 रु प्रतिमाह |
| (D) 75 से अधिक | 1250 रु प्रतिमाह |

**57. राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलैंस के तहत कितने विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने का प्रावधान है?**

(A) 100 (B) 500

(C) 200 (D) 1000

58. 73वें संविधान संशोधन के तहत कौन-सा प्रावधान अनिवार्य नहीं है?

(A) ग्राम सभा गठन

(B) निर्वाचन हेतु न्यूनतम आयु 21 वर्ष

(C) महिलाओं को 50% आरक्षण

(D) 5 वर्ष का कार्यकाल

59. बजट 2022-23 के अनुसार असुमेलित युग्म है :

(A) आवासीय पैरा खेल अकादमी - जयपुर, जोधपुर

(B) इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइंस - एस.एम.एस. जयपुर

(C) कबड्डी अकादमी - राजगढ़ (चूरू)

(D) बाबा आम्टे दिव्यांग विश्वविद्यालय - जामडोली, जयपुर

60. आर्थिक समीक्षा 2021-22 के अनुसार राजस्थान की प्रचलित कीमत पर प्रतिव्यक्ति आय है-

(A) 1,50,326 रु (B) 1,35,218 रु

(C) 1,40,578 रु (D) 1,35,200 रु

61. राष्ट्रीय आय को मापने के लिए उपयोग किए जाने वाले सही विकल्प का चयन कीजिए-

(A) आय विधि (B) उत्पाद विधि

(C) व्यय विधि (D) उपर्युक्त सभी

62. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से असत्य है/हैं-

1. 1990 के दशक में शहरीकरण की प्रक्रिया ने भारत में आर्थिक विकास को गति दी।
2. शहरीकरण की प्रक्रिया के परिणामस्वरूप शहरी सेवाओं की बढ़ती कमी और शहरी जीवन सूचकांकों की गुणवत्ता में समग्र सुधार आया।

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1, 2 दोनों (D) न तो 1 और न ही 2

63. आमतौर पर निम्नलिखित में से कौन-सी चीज भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से वितरित नहीं की जाती है?

(A) चावल तेल (B) गेहूं

(C) चीनी (D) सब्जियाँ और फल

64. भारत में नीली क्रांति की शुरुआत कौन-सी पंचवर्षीय योजना में हुई?

(A) सातवीं पंचवर्षीय योजना (B) 9वीं पंचवर्षीय योजना

(C) 5वीं पंचवर्षीय योजना (D) तीसरी पंचवर्षीय योजना

65. प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना किस मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित की जाती है?

(A) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय

(B) जनजाति कार्य मंत्रालय

(C) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

(D) रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

66. केन्द्रीय बजट 2022-23 में राजकोषीय घाटा, सकल घरेलु उत्पाद (जीडीपी) का कितने प्रतिशत रहने का अनुमान है?

(A) 5.1% (B) 6.4%

(C) 6.8% (D) 7.2%

67. **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इंटरनेट ऑफ थिंग्स टू ग्रो ई-कॉमर्स बिजनेस के लिए उपयोगी है?**

1. बेहतर ट्रेकिंग और लॉजिस्टिक्स
2. इन्वेंट्री का स्वचालित प्रबंधन

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

68. **यदि आर.बी.आई. नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को कम करता है तो क्रेडिट निर्माण पर क्या प्रभाव पड़ेगा?**

(A) कोई असर नहीं होगा। (B) इसमें कमी आएगी।

(C) इसमें वृद्धि होगी। (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

69. **निम्नलिखित में से किसने सबसे पहले तरलता जाल का विचार रखा था?**

(A) अल्फ्रेड मार्शल (B) जॉन मेनार्ड कीन्स

(C) मिल्टन फ्राइडमैन (D) एडम स्मिथ

70. **निम्नलिखित विकल्पों में से उसका चयन कीजिए जो भारतीय श्रम कानून और सामाजिक सुरक्षा का उपाय है, साथ ही 'काम के अधिकार की गारन्टी' देता है-**

(A) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम

(B) कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम

(C) प्रधानमंत्री स्वरोजगार अधिनियम

(D) सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम अधिनियम

71. **नवीन जलोढ़ मिट्टी द्वारा निर्मित भूमि कहलाती है-**

(A) बांगर (B) भाबर

(C) खादर (D) तराई

72. **पूर्वी तटीय मैदान में स्थित प्रमुख डेल्टा का उत्तर से दक्षिण सही क्रम है-**

(A) महानदी डेल्टा, कावेरी डेल्टा, कृष्णा डेल्टा, गोदावरी डेल्टा

(B) महानदी डेल्टा, गोदावरी डेल्टा, कृष्णा डेल्टा, कावेरी डेल्टा

(C) महानदी डेल्टा, कृष्णा डेल्टा, गोदावरी डेल्टा, कावेरी डेल्टा

(D) गोदावरी डेल्टा, महानदी डेल्टा, कृष्णा डेल्टा, कावेरी डेल्टा

73. **भारत में ग्रीष्मकाल मानसून के प्रवाह की सामान्य दिशा है-**

(A) दक्षिण से उत्तर

(B) दक्षिण-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व

(C) दक्षिण-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम

(D) दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व

74. **भारत की नदियों के उद्गम स्थल के संबंध में कौनसा युग्म सही नहीं है?**

(A) दामोदर नदी - छोटा नागपुर के पठार से

(B) केन नदी - कैमूर की पहाड़ी से

(C) झेलम नदी - शेषनाग झील से

(D) सोन नदी - त्र्यंबक पहाड़ी से

75. नदियों के किनारे बसे प्रमुख शहरों का कौन-सा युग्म सही सुमेलित है?

| शहर | नदी |
|---|---|
| (A) सूरत | नर्मदा |
| (B) नासिक | कृष्णा |
| (C) मैसूर | कावेरी |
| (D) उज्जैन | चम्बल |

76. सूची-1 व सूची-2 को सुमेलित करें-

| सूची-1 राष्ट्रीय उद्यान | सूची-2 राज्य |
|---|---|
| (क) बांधवगढ़ | (1) हिमाचल प्रदेश |
| (ख) बांदीपुर | (2) गुजरात |
| (ग) रोहिला | (3) मध्यप्रदेश |
| (घ) गिर | (4) कर्नाटक |

| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 3 | 2 | 4 | 1 |

77. दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान में मुख्य रूप से पाया जाता है-

(A) बाघ (B) हाथी

(C) तेंदुआ (D) कोबरा

78. भारत में 'चावल का कटोरा' उपनाम से किस क्षेत्र को जाना जाता है?

(A) केरल व तमिलनाडु (B) पूर्वोत्तर क्षेत्र

(C) सिंधु-गंगा के मैदान (D) कृष्णा-गोदावरी डेल्टा क्षेत्र

79. भारत के प्रमुख खनन क्षेत्र तथा उनसे संबंधित राज्य का कौन-सा युग्म सही नहीं है?

(A) गुदुर - आंध्रप्रदेश (B) कोरापुट - ओडिशा

(C) घाटशिला - मध्यप्रदेश (D) नोआमुंडी - झारखंड

80. भारत में पाये जाने वाले हेमेटाइट लौह अयस्क में लोहे का अंश है-

(A) 40% से कम (B) 40 से 80% तक

(C) 60 से 70% तक (D) 70% से अधिक

81. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी कहाँ स्थित है?

(A) गुरुग्राम (हरियाणा) (B) नई दिल्ली

(C) नव गांव (गुजरात) (D) लखनऊ (यूपी)

82. सूची-1 व सूची-2 को सुमेलित करें-

| सूची-1 एल्युमिनियम कंपनी | सूची-2 अवस्थिति |
|---|---|
| (क) BALCO | (1) मेट्टूर |
| (ख) HINDALCO | (2) कोरबा |
| (ग) MALCO | (3) कोरापुट |
| (घ) NALCO | (4) रेणुकूट |

| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**83. भारत के प्रथम सफल वैक्यूम पैन प्रक्रिया द्वारा चीनी संयंत्र की स्थापना कहाँ की गई थी?**

(A) बिहार (B) उत्तरप्रदेश

(C) महाराष्ट्र (D) पश्चिम बंगाल

**84. निम्न में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है-**

| पाइपलाईन | उद्देश्य |
|---|---|
| (A) मुंबई-पुणे पाइपलाईन | गैस परिवहन |
| (B) कांडला-भटिंडा | डीजल परिवहन |
| (C) हल्दिया-बरौनी | पेट्रोलियम परिवहन |
| (D) हजिरा-विजयपुर-जगदीशपुर | प्राकृतिक गैस परिवहन |

**85. कार्डेमम पहाड़ियाँ किन राज्यों में स्थित हैं?**

(A) कर्नाटक एवं तमिलनाडु (B) कर्नाटक एवं केरल

(C) केरल एवं तमिलनाडु (D) तमिलनाडु एवं आंध्रप्रदेश

**86. राजस्थान की दूसरी सौर ऊर्जा नीति किस वर्ष घोषित की गई?**

(A) 2014 (B) 2011

(C) 2019 (D) 2022

**87. निम्न में से सत्य कथन है/हैं-**

1. राजस्थान में संभागीय व्यवस्था की सर्वप्रथम शुरुआत 1 मार्च, 1949 को हुई।
2. अप्रैल, 1962 में मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया ने संभागीय व्यवस्था समाप्त कर दिया।

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**88. पथरीले चट्टानी मरुस्थल को क्या कहा जाता है?**

(A) इर्ग (B) हम्मादा

(C) थली (D) मांड

**89. अरब सागर शाखा तथा बंगाल की खाड़ी शाखा किस जिले में मिलती है?**

(A) झालावाड़ (B) सिरोही

(C) बांसवाड़ा (D) बारां

**90. निम्न में से असुमेलित को छाँटिए-**

1. केल्साइट - मकराना, अजमेर
2. डोलोमाइट - राजसमंद, त्रिपुरा सुंदरी (बांसवाड़ा)

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**91. कौन-सी नदी पाली और जोधपुर की सीमा बनाती है?**

(A) जोजड़ी (B) सूकड़ी

(C) बाण्डी (D) जवाई

92. **निम्न में से कौन-सी ऋण योजना महिलाओं को उद्योग स्थापित करने हेतु ऋण उपलब्ध करवाती है?**
(A) सेमफेक्स योजना (B) टेक्नोक्रेट योजना
(C) ब्रिजलोन योजना (D) गोल्ड कार्ड स्कीम

93. **रामगढ़ विषधारी अभयारण्य के संबंध में सत्य कथन है-**
1. इसकी स्थापना वर्ष 1981 में हुई।
2. मेज नदी इसके मध्य से गुजरती है।
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

94. **पिसीकल्चर किससे संबंधित है?**
(A) मछली पालन (B) अंगूर की खेती
(C) मधुमक्खी पालन (D) केंचुआ पालन

95. **राजस्थान का प्रथम जर्म प्लाज्मा केन्द्र कहाँ स्थापित किया गया?**
(A) खीचियान (B) बस्सी
(C) जामड़ोली (D) शाहपुरा

96. **अटल भू-जल योजना के संदर्भ में सत्य कथन है/हैं-**
1. यह योजना भारत सरकार एवं विश्व बैंक के सहयोग से चलाई जा रही है।
2. इसमें देश के 10 राज्य सम्मिलित हैं।
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

97. **राजस्थान के धौलपुर एवं जैसलमेर जिलों में सूर्योदय में कितने समय का अंतर है?**
(A) 36 मिनट (B) 35 मिनट, 8 सैकण्ड
(C) 35 मिनट, 40 सैकण्ड (D) 34 मिनट, 50 सैकण्ड

98. **घग्घर के मैदान में निम्न में से कौन-सी समस्या पायी जाती है?**
1. क्षारीयता 2. जल भराव की समस्या
3. मरुस्थलीकरण की समस्या
(A) केवल 1 (B) 1, 2
(C) 2, 3 (D) 1, 2, 3

99. **राजस्थान में मिश्रित काली मिट्टी कहाँ पायी जाती है?**
(A) डूंगरपुर (B) राजसमंद
(C) चित्तौड़गढ़ (D) उपरोक्त सभी

100. **माउंट आबू (सिरोही) में सर्वाधिक वर्षा किससे होती है?**
(A) अरब सागर शाखा (B) बंगाल की खाड़ी शाखा
(C) पश्चिमी विक्षोभ (D) जेट स्ट्रीम

101. **संविधान सभा के संबंध में असत्य युग्म का चयन कीजिए-**
(A) सच्चिदानंद सिन्हा - अस्थायी अध्यक्ष
(B) 11 दिसंबर, 1946 - प्रथम बैठक
(C) एच.सी. मुखर्जी - संविधान सभा के उपाध्यक्ष
(D) राजेन्द्र प्रसाद - स्थायी अध्यक्ष

102. **संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक का प्रावधान कहाँ से लिया गया है?**
(A) ऑस्ट्रेलिया (B) अमेरिका
(C) फ्रांस (D) कनाडा

103. **निम्न में से कौन-सा मौलिक अधिकार नहीं है?**
(A) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(B) संस्कृत एवं शिक्षा संबंधी अधिकार

(C) भारत की प्रभुत्ता बनाये रखने का अधिकार
(D) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

104. संविधान में नीति-निदेशक तत्वों का विस्तार है-
(A) अनुच्छेद-12 से 35 (B) अनुच्छेद-36 से 51
(C) अनुच्छेद-53 से 78 (D) अनुच्छेद-78 से 92

105. निम्न में से कौन स्वर्ण सिंह समिति के सदस्य रहे हैं?
1. एच.आर. गोखले 2. रजनी पटेल
3. वसंत साठे 4. दिनेश गोस्वामी
(A) 1, 2, 3 (B) 2, 3, 4
(C) 1, 3, 4 (D) 1, 2, 3, 4

106. किस अनुच्छेद के तहत राष्ट्रपति उच्चतम न्यायालय से विधिक सलाह ले सकता है?
(A) अनुच्छेद 143 (B) अनुच्छेद 117
(C) अनुच्छेद 152 (D) अनुच्छेद 126

107. संविधान के किस अनुच्छेद में मंत्रिमण्डल शब्द उल्लेखित है?
(A) अनुच्छेद 76 (B) अनुच्छेद 352
(C) अनुच्छेद 78 (D) अनुच्छेद 75

108. निम्न में से कौन-सा कार्य राज्यपाल का नहीं है?
(A) विधानसभा सत्रावसान (B) सत्र को आहुत djuk
(C) सत्र को स्थगन (D) सत्र का विघटन

109. राजस्थान में पहली बार राष्ट्रपति शासन के समय राज्यपाल कौन थे?
(A) सम्पूर्णानंद (B) वेदपाल त्यागी
(C) रघुकुल तिलक (D) एम. चिन्नारेडी

110. निम्न में से कौन-सी लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित नहीं है?
(A) भरतपुर (B) दौसा
(C) श्रीगंगानगर (D) बीकानेर

111. राष्ट्रपति शासन की अधिकतम समय सीमा कितनी होती है?
(A) 6 माह (B) 2 माह
(C) 1 वर्ष (D) 3 वर्ष

112. संसद के किसी भी सदन में न्यायाधीश को हटाने के प्रस्ताव के लिए कितने सदस्यों के हस्ताक्षर होना जरूरी है।
(A) लोकसभा के 100 सदस्य या राज्यसभा के 50 सदस्य
(B) लोकसभा के 50 सदस्य या राज्यसभा के 50 सदस्य
(C) लोकसभा के 50 सदस्य या राज्यसभा के 100 सदस्य
(D) इनमें से कोई नहीं

113. राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
(A) कांता भटनागर (B) नगेन्द्र कुमार जैन
(C) प्रकाश टाटिया (D) सगीर अहमद

114. राज्यपाल को शपथ कौन दिलाता है?
(A) राष्ट्रपति
(B) विधानसभा अध्यक्ष
(C) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(D) मुख्यमंत्री

**115. निम्न में से सत्य कथन है/हैं-**

1. अनुच्छेद 164 के अनुसार मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल के द्वारा की जाती है।
2. श्री प्रकाश सिद्धांत का प्रयोग मुख्यमंत्री द्वारा किया जाता है।

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**116. भारत में कुल कितनी रामसर साइट हैं?**

(A) 54 (B) 64
(C) 65 (D) 75

**117. 'हर घर तिरंगा अभियान' कब चलाया गया?**

(A) 10-15 अगस्त, 2022 (B) 11-15 अगस्त, 2022
(C) 13-15 अगस्त, 2022 (D) 14-15 अगस्त, 2022

**118. भारत में 'मंकीपॉक्स टास्क फोर्स' का गठन कब किया गया?**

(A) 30 अगस्त, 2022 (B) 31 जुलाई, 2022
(C) 1 सितम्बर, 2022 (D) 17 जुलाई, 2022

**119. 'बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना' का संबंध किससे है?**

(A) उच्च शिक्षा (B) माध्यमिक शिक्षा
(C) प्राथमिक शिक्षा (D) उपरोक्त सभी

**120. 'मथुरादास माथुर अवॉर्ड' का संबंध किस क्षेत्र से है?**

(A) शिक्षा (B) क्रिकेट
(C) राजनीति (D) साहित्य

**121. आर-कैट का उद्घाटन किस दिन किया गया?**

(A) 15 अगस्त (B) 1 जुलाई
(C) 20 अगस्त (D) 31 जुलाई

**122. 'विसरॉन' का संबंध किस क्षेत्र से है?**

(A) ऊर्जा (B) शिक्षा
(C) खनन (D) कृषि

**123. विश्व बैंक के अनुसार खाद्य पदार्थों की महंगाई सूची में प्रथम स्थान पर कौन-सा देश है?**

(A) तुर्की (B) वेनेजुएला
(C) लेबनान (D) श्रीलंका

**124. 'हयात होटल' किस देश में स्थित है?**

(A) दक्षिण अफ्रीका (B) नाइजर
(C) मिश्र (D) सोमालिया

**125. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्वच्छ व स्वस्थ पर्यावरण को सार्वजनिक मानवाधिकार कब घोषित किया?**

(A) 4 अगस्त, 2022 (B) 5 सितम्बर, 2022
(C) 21 जून, 2022 (D) 28 जुलाई, 2022

**126. Ms Word में किसी टेक्स्ट की फॉर्मेटिंग को कॉपी करने की शोर्टकट कीज कौन-सी है?**

(A) Ctrl + shift+ C (B) Ctrl + Alt + C
(C) Shift + C (D) Shift + ctrl + C

**127. शब्दों को गहरा व अंडरलाइन करने का विकल्प पाया जाता है-**

(A) स्टैण्डर्ड टूल बार में (B) फॉर्मेटिंग टूल बार में

(C) टाइटल बार में (D) टास्क बार में

**128. स्ट्राइक थ्रू टेक्स्ट का तात्पर्य है-**

(A) टेक्स्ट को तिरछा करना

(B) टेक्स्ट को गहरा करना

(C) टेक्स्ट के मध्य में एक रेखा खींचना

(D) इनमें से कोई नहीं

**129. रॉ और कॉलम के इंटर सेक्सन को क्या कहते हैं?**

(A) वर्ड बुक (B) वर्क सीट

(C) सेल (D) वर्क स्पेस

**130. माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल है-**

(A) डॉक्यूमेंट प्रोग्राम (B) स्प्रेडशीट प्रोग्राम

(C) प्रजेन्टेशन प्रोग्राम (D) उपर्युक्त सभी

**131. निम्न में से कौन-सा शब्द अयौगिक भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है?**

(A) ईर्ष्या (B) पांडित्य

(C) ऐश्वर्य (D) ममत्व

**132. किस वाक्य में 'मध्यम पुरुष' सर्वनाम का प्रयोग नहीं हुआ है?**

(A) आपने तो कमाल कर दिया।

(B) तुम दिल्ली से कब आए?

(C) आप बहुत अच्छा गाती हैं।

(D) सुभाषचन्द्र बोस देशभक्त थे। आपने देश सेवा के लिए उच्च पद का भी त्याग कर दिया था।

**133. 'महाविद्यालय में चालीस आचार्य हैं।' विशेषण का प्रकार है-**

(A) संख्यावाचक विशेषण (B) परिणामवाचक विशेषण

(C) गुणवाचक विशेषण (D) सार्वनामिक विशेषण

**134. 'नौकर जयपुर तक गया।' वाक्य में किस अव्यय का प्रयोग हुआ है?**

(A) क्रियाविशेषण (B) संबंध सूचक

(C) विस्मयादिबोधक (D) समुच्चयबोधक

**135. 'द्' के पहले यदि ऋ स्वर आये तो 'द्' किसमें बदल जाता है?**

(A) त् (B) ण्

(C) न् (D) म्

**136. उपसर्ग के संबंध में अनुचित विकल्प है-**

(A) व्यवस्था - वि, अव (B) पर्युत्सुक - परि, उद्

(C) सौकुमार्य - सु, कु (D) दुराज्ञा - दुर् , आ

**137. किस शब्द में 'आवट' प्रत्यय नहीं है?**

(A) लिखावट (B) थकावट

(C) रुकावट (D) महावट

138. इनमें से किस शब्द का समास-विग्रह सही है?

(A) विद्यालय - विद्या का आलय

(B) ध्यानमग्न - ध्यान में मग्न

(C) वनवास - वन का वास

(D) ऋणमुक्त - ऋण के द्वारा मुक्त

139. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(A) मैंने अनेकों एकांकियाँ पढ़ी हैं।

(B) कृष्ण के अनेक नाम हैं।

(C) उनके पास केवल पाँच रुपये मात्र हैं।

(D) पिताजी वापस लौट आए हैं।

140. 'अंधे के हाथ बटेर लगना' लोकोक्ति का सही अर्थ है-

(A) अयोग्य प्रशासन

(B) अल्पज्ञ अपने ज्ञान पर अधिक इतराता है।

(C) बुद्धिहीन किन्तु सम्पन्न

(D) बिना परिश्रम के अयोग्य व्यक्ति को फल की प्राप्ति।

**141. In the question below a part of the sentence is underlined. Choose the correct alternative which may improve the sentence.**

**He <u>sent a word</u> to me that he would be coming late.**

(A) sent word
(B) had sent a word
(C) sent words
(D) No improvement

**142. From given choose the one which best express the given sentence in Passive/Active voice.**

**James watt discovered the energy of steam.**

(A) The energy of steam discovered James watt.

(B) The energy of steam was discovered by James watt.

(C) James watt was discovered by the energy of steam.

(D) James watt had discovered energy by the steam.

**143. From the given alternatives choose the one which best express the given sentence in Indirect/Direct speech-**

**She said to him, "Why don't you go today?"**

(A) She asked him why he did not go that day.

(B) She said to him why he don't go that day.

(C) She asked him not to go that day.

(D) She asked him why he did not go today.

**144. Fill in the blanks with correct Article/Preposition/Determiners.**

**.......... Rockies range situated in North America.**

(A) A
(B) The
(C) An
(D) None

**145. Choose the correct option from below confusing words.**

**Aisle and Isle**

(A) Aisle means walkaway

(B) Isle means area

(C) both are correct A&B

(D) only A is correct

146. निम्नलिखित का मान ज्ञात करें- $5\frac{5}{6} \times 6\frac{3}{7} + 5\frac{1}{2} = ?$

(A) 43
(B) 40.5
(C) 42.5
(D) 40

147. विष्णु क्रमश: 10 किमी./घण्टा, 30 किमी./घण्टा तथा 8 किमी./घण्टा चाल से बराबर दूरी तय करते हुए कुल 15.5 मिनट की यात्रा करता है। उसके द्वारा तय की गई कुल दूरी किमी. में ज्ञात कीजिए-

(A) 2
(B) 3
(C) 1
(D) 4

148. यदि $\tan A = \cot B$ हो तो A+B का मान कितना होगा?

(A) 30°
(B) 45°
(C) 60°
(D) 90°

149. ऐसी दो संख्याएं पता करो, जिनका माध्य अनुपात 16 है और तृतीय अनुपात 1024 है-

(A) 4 और 32
(B) 4 और 64
(C) 8 और 64
(D) 8 और 32

150. दो वृत्तों के व्यासों का योग 35 मीटर है तथा इनकी परिधियों का अंतर 22 मीटर है छोटे वृत्त की त्रिज्या क्या होगी?

(A) 14 मी.
(B) 10.5 मी.
(C) 7 मी.
(D) 3.5 मी.

RAJASTHAN CET
सामान्य हिन्दी
Download Now

सामान्य ज्ञान
5100+ प्रश्न

राजस्थान GK
LIVE CLASS PDF
DAILY UPDATE

# उत्तरमाला प्रैक्टिस पेपर - 4 (व्याख्या सहित)

1. **व्याख्या :** (A) यह लेख मोकल के समय (1428 ई.) का है।
- इसमें मोकल द्वारा फीरोज खाँ (नागौर) तथा अहमद (गुजरात) से लड़े गये युद्धों का वर्णन है।
- इसकी रचना - कवि वाणीविलास योगीराज ने की।

2. **व्याख्या :** (B) महाराणा अभयसिंह (1724-1749 ई.) ने 1734 ई. में हुरड़ा सम्मेलन में भाग लिया।
- इनके दरबारी करणीदान ने 'सूरजप्रकाश' ग्रंथ की रचना की। जगजीवन ने 'अभयोदय', वीरभाण ने 'राजरूपक' व सुरति मिश्र ने 'अमरचंद्रिका' की रचना की।

3. **व्याख्या :** (B) इस किले का निर्माण 1595-1597 ई. के मध्य ठाकुर कर्णसिंह ने करवाया था।
- इसे ठाकुर रघुनाथ सिंह के शासनकाल में रघुनाथगढ़ भी कहा जाता था।
- इसे धारा धारगढ़ भी कहते हैं।

4. **व्याख्या :** (B) अनूपसिंह लाहौर से मुगल शैली के उस्ता कला के चित्रकारों को बीकानेर लाए थे।
- इस कला के लिए हिसामुद्दीन उस्ता प्रसिद्ध रहे, जिन्हें 1986 ई. में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।
- ये कला बीकानेर की प्रसिद्ध है।

5. **व्याख्या :** (C) डिंगल - पश्चिमी राजस्थान का साहित्यिक रूप डिंगल कहलाता है।
डिंगल का अधिकांश साहित्य चारण कवियों द्वारा रचित है।
प्रमुख ग्रंथ - संगत रासौ, ढ़ोला मारू रा दुहा, राजरूपक।
पिंगल - ब्रजभाषा एवं पूर्वी राजस्थानी का साहित्यिक रूप।
- ये भाट कवियों द्वारा रचित है।
- प्रमुख ग्रंथ - खुमाण रासौ, रतन रासौ, पृथ्वीराज रासौ, विजयपाल रासौ।

6. **व्याख्या :** (B) भोजन थाली मेला - कामां (भरतपुर) में भाद्रपद शुक्ल पंचमी को आयोजित किया जाता है।
- नागपंचमी मेला - मण्डोर (जोधपुर) में भाद्रपद शुक्ल पंचमी
- परशुराम महादेव मेला - सादड़ी (पाली) में श्रावण शुक्ल सप्तमी।

7. **व्याख्या :** (C) लहंगी नृत्य - सहरिया।
शिकारी - सहरिया पुरुष द्वारा।
मोरिया, रायण, लूर, कूद, वालर, मांदल आदि गरासिया जनजाति के नृत्य हैं।
वालर नृत्य - वालर गरासियों का प्रसिद्ध नृत्य है जिसमें किसी वाद्ययंत्र का प्रयोग नहीं होता है। यह नृत्य अर्द्धवृत में होता है।

8. **व्याख्या :** (B) **तुर्रा कलंगी ख्याल** - मध्यप्रदेश के संत तुकनगीर व संत शाहअली इस ख्याल के प्रवर्तक माने जाते हैं।
- तुर्रा कलंगी ख्याल मेवाड़ का प्रसिद्ध है।
- चंग इस ख्याल का वाद्ययंत्र है।
- यह एक गैर-व्यावसायिक प्रकृति का ख्याल है।

9. **व्याख्या :** (B) दादू पंथ की स्थापना संत दादूदयाल ने 1554 ई. में की।
- इनके 52 शिष्य, इनके 52 स्तम्भ कहलाते हैं।
- बखना जी, रज्जब जी, सुन्दरदास जी, माधोदास जी, जगन्नाथ जी इनके शिष्य थे।
- इनकी मुख्य पीठ नरैना (जयपुर) में भैराणा पहाड़ी में है।

10. **व्याख्या :** (B) गोगाजी का जन्म वि.सं. 1003 को ददरेवा (चूरू) में हुआ था। इनकी माता का नाम बाछल देवी व पिता जेवर सिंह हैं।
- इनका मेला भाद्रपद कृष्ण नवमी को लगता है।
- इनके थान खेजड़ी वृक्ष के नीचे होते हैं।
- इनका समाधि स्थल गोगामेड़ी (नोहर-हनुमानगढ़) में है।

11. **व्याख्या :** (B) इस पैलेस का निर्माण सवाई जयसिंह ने नगर नियोजक विद्याधर चक्रवर्ती/भट्टाचार्य से करवाया।
- यह एक 7 मंजिला महल है, इसकी सबसे ऊपरी मंजिल में पोथी खाना बना हुआ है।
- इसे सलखणा महल भी कहते हैं।

12. **व्याख्या :** (A) हरिभाऊ उपाध्याय की जन्मभूमि ग्वालियर व कर्मभूमि अजमेर (राजस्थान) रही।
- इन्होंने वाराणसी से औदुम्बर नामक मासिक पत्रिका का सम्पादन किया।
- 1916-1919 तक सरस्वती पत्रिका का सम्पादन किया।
- 1927 में महिला शिक्षा सदन की स्थापना की।

13. **व्याख्या :** (A) राजस्थान साहित्य अकादमी (उदयपुर) की स्थापना 1958 ई. में हुई। इस अकादमी द्वारा दिया जाने वाला मीरा पुरस्कार राजस्थानी भाषा क्षेत्र का सर्वोच्च पुरस्कार है।
- इस अकादमी द्वारा मासिक पत्रिका 'मधुमति' का प्रकाशन किया जाता है।
- राजस्थान ललित कला अकादमी - जयपुर।

14. **व्याख्या :** (C) मत्स्य संघ का गठन 17 मार्च, 1948 को हुआ। शोभाराम कुमावत इसके प्रधानमंत्री थे।
मंत्रीमंडल में जुगलकिशोर चतुर्वेदी (भरतपुर) मास्टर भोलानाथ (अलवर), गोपीनाथ यादव व मंगल सिंह (धौलपुर) और चिरंजी लाल शर्मा (करौली) से सम्मिलत किए गए।

15. **व्याख्या :** (A) पायजेब, पैंजनिया, नेवरी, नुपुर, छलकड़ा, आंवला, टाँका, लंगर, तेधड़ आदि पैर के आभूषण हैं।
कमर के आभूषण - तगड़ी, कणकती, सटका, कंदोरा।
सिर के आभूषण - शीशफूल, मैंमद, बोर, रखड़ी, टिकड़ा।

16. **व्याख्या :** (C) ऋग्वेद सबसे पहला और प्राचीनतम ग्रंथ है।
- भारत में आर्यों की जानकारी इसी से मिलती है।

- ऋग्वेद में 10 मण्डल (भाग) हैं।
- इसमें प्रथम व दसवां मंडल सबसे बाद में जोड़े गये।

17. **व्याख्या :** (B) मौर्य राजवंश की स्थापना 322 ई.पू. में चन्द्रगुप्त मौर्य ने की।
- मौर्य वंश की राजधानी पाटलीपुत्र थी। अंतिम मौर्य शासक वृहद्रथ था। वृहद्रथ की हत्या पुष्यमित्र शुंग ने की और शुंग वंश की स्थापना की।

18. **व्याख्या :** (C) चन्द्रगुप्त द्वितीय (375-415 ई.) ने शकों पर विजय के उपरांत ही विक्रमादित्य की उपाधि धारण की।
- चन्द्रगुप्त द्वितीय की अन्य उपाधियाँ - परमभागवत व विक्रमांक।
- चन्द्रगुप्त द्वितीय के दरबार में नौ विद्वानों की एक मंडली थी, जिसे नवरत्न कहा जाता था।

19. **व्याख्या :** (B) बलबन दिल्ली सल्तनत में गुलाम वंश का शासक था।
- इसका मकबरा महरौली में स्थित है।
- बलबन का शासन 1265 ई. से 1286 ई. तक रहा।
- बलबन ने अमीरों पर नियंत्रण करने के लिए सजदा और पैबोस रस्म शुरू की।
- सजदा - राजा को दंडवत् प्रणाम करना।
- पैबोस - राजा के कदम चूमना था।

20. **व्याख्या :** (D) बाबर 1494 ई. में 14 वर्ष की आयु में फरगना नामक एक छोटे-से राज्य का शासक बना।
- बाबर ने 1504 ई. में काबुल पर अधिकार किया था।
- बाबर के पिता तैमूर वंश के व माता मंगोल वंश की थी।

21. **व्याख्या :** (B) फ्रांसीस डे ने वर्ष 1639 ई. में चन्द्रगिरि के राजा से मद्रास को पट्टे पर लिया।
- जहाँ कालांतर में एक किलेबंद कोठी बनाई गई।
- इसी कोठी को फोर्ट सेंट जॉर्ज नाम दिया गया।
- फोर्ट विलियम - कलकत्ता (वर्तमान नाम - कोलकाता) में है।

22. **व्याख्या :** (C) थियोसोफिकल सोसायटी की स्थापना 1875 ई. में न्यूयॉर्क में मैडम हैलीना तथा कर्नल हेनरी ने की थी।
- भारत में थियोसोफिकल सोसायटी की स्थापना 1852 ई. में अड्यार (मद्रास) में की गई।
- 1893 ई. में एनी बेसेंट ने इस सोसायटी का कार्यभार अपने हाथ में लिया।

23. **व्याख्या :** (A) भारत का राष्ट्रगीत बंकिमचन्द्र चटर्जी द्वारा लिखा गया। यह गीत बंकिमचन्द्र चटर्जी द्वारा लिखित उपन्यास आनंद मठ से लिया गया है।
- इसे 1896 के कलकत्ता अधिवेशन में पहली बार गाया गया तथा इस अधिवेशन की अध्यक्षता एम. रहीमतुल्ला सयानी ने की थी।

24. **व्याख्या :** (B) गांधी जी नें मार्च, 1918 में खेड़ा (गुजरात) में फसल खराब होने पर राज्य से किसानों की लगान माफ करने की मांग हेतु सत्याग्रह किया।
- गांधी जी ने फरवरी, 1918 में अहमदाबाद मिल हड़ताल की।
- 1917 ई. में चम्पारण (बिहार) सत्याग्रह किया।

25. **व्याख्या :** (C) काकोरी षड्यंत्र (काकोरी ट्रेन एक्शन) एक ट्रेन डकैती की घटना थी, जो लखनऊ-सहारनपुर रेलवे लाइन पर 9 अगस्त, 1925 को घटित हुई।
- इस घटना को रामप्रसाद बिस्मिल, राजेन्द्र लाहिड़ी, अशफाक उल्ला खान, रोशन सिंह तथा चंद्रशेखर आजाद ने अंजाम दिया।

26. **व्याख्या :** (B) मेहराब खाँ का जन्म 1815 ई. में करौली में हुआ।
- मेहराब खाँ ने जयदयाल के साथ मिलकर कोटा में क्रांतिकारी घटनाओं को अंजाम दिया।
- 1860 ई. में मेहराब खाँ को कोटा में एजेन्सी के बंगले के पास फाँसी पर लटका दिया गया।

27. **व्याख्या :** (C) गोविन्द गिरि के नेतृत्व में हजारों की संख्या में भील जनजाति के लोग मानगढ़ पहाड़ी (बांसवाड़ा) में एकत्रित हुए।
- 17 नवंबर, 1913 को हुए इस सम्मेलन में अंग्रेजों के द्वारा बरसाई गई गोलियों से 1500 लोग मारे गये।
- इस घटना को भारत का दूसरा जलियावाला बाग हत्याकाण्ड की संज्ञा दी गई है।

28. **व्याख्या :** (B) 12 मई, 1929 को हीरालाल शास्त्री ने वनस्थली (टोंक) में जीवन कुटीर संस्था की स्थापना की।
- शास्त्री जी ने जीवन कुटीर के चार सिद्धान्त निर्धारित किए थे- सत्य, शांति, न्याय और सत् कार्य सिद्धि।

29. **व्याख्या :** (C) राजस्थान महिला परिषद की स्थापना 1947 ई. को उदयपुर में शांता त्रिवेदी द्वारा की गई।
- महिला आश्रम की स्थापना 1944 में नारायणी देवी के द्वारा भीलवाड़ा में की गई।

30. **व्याख्या :** (B) धौलपुर प्रजामंडल की स्थापना 1938 ई. में कृष्णदत्त पालीवाल की अध्यक्षता में हुई।
- ज्वाला प्रसाद जिज्ञासु गठनकर्ता थे।
- जौहरी लाल इंदु, मूलचंद, केशवदेव व केदारनाथ इस प्रजामंडल के प्रमुख सहयोगी थे।

31. **व्याख्या :** (C) नीला थोथा - $CuSO_4.5H_2O$ - विद्युत बैटरी व कवकनाशी में उपयोग।
सिल्वर ब्रोमाइड - AgBr - फोटोग्राफी में उपयोग
सिल्वर नाइट्रेट - $AgNO_3$ - अमिट स्याही बनाने
नाइट्रिक अम्ल - $HNO_3$ - सोने, चाँदी के शुद्धिकरण में।

32. **व्याख्या :** (C) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के तीन भाग में नाइट्रिक अम्ल का एक भाग मिलाने से ऐक्वारेजिया बनता है, जिसमें धातुएँ विलेय होती हैं। अर्थात् HCL : $HNO_3$ (3:1)।

33. **व्याख्या :** (D) वसा या तेलों की क्रिया सोडियम या पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड से कराने पर वसा या तेलों में उपस्थित कार्बोक्सिलिक अम्ल क्षार से रासायनिक क्रिया कर सोडियम लवण (साबुन) तथा ग्लिसरॉल बनाता है।

34. **व्याख्या :** (A) वे पदार्थ जो उत्प्रेरक की क्रियाशीलता में वृद्धि करते हैं, उत्प्रेरक वर्धक कहलाते हैं।
इस अभिक्रिया में Fe उत्प्रेरक है तथा Mo वर्धक है, जो Fe की क्रियाशीलता में वृद्धि करता है।

35. **व्याख्या :** (B) अम्ल - ये स्वाद में खट्टे तथा विद्युत के सुचालक पदार्थ हैं, जो धातुओं से क्रिया कर हाइड्रोजन गैस

बनाते हैं। उदाहरण - नींबू - सिट्रिक अम्ल, इमली - टार्टरिक अम्ल।
खट्टा दूध - लैक्टिक अम्ल, सिरका - ऐसीटिक अम्ल

36. **व्याख्या :** (D) गेहूं - टिटिकम एस्टाइवम - रबी की फसल
चावल - ओराइजा सेटाइवा - खरीफ की फसल
मक्का - जीआमेज - खरीफ की फसल
चना - साइसर ऐराइटिनम - रबी की फसल

37. **व्याख्या :** (D) राजस्थान का राज्य वृक्ष खेजड़ी है जिसका वैज्ञानिक नाम प्रोसोपिस सिनेरेरिया है। इसे 'थार का कल्पवृक्ष' कहा जाता है। इसे 1983 में राज्य वृक्ष घोषित किया गया।

38. **व्याख्या :** (B) भारत में कुल 18 जैवमण्डल रिजर्व 18 हैं। प्रथम बायोस्फीयर रिजर्व - 'नीलगिरी' तमिलनाडु, केरल व कर्नाटक में स्थित है। 1986 वहीं कंचनजंघा - सिक्किम में स्थित है।

39. **व्याख्या :** (B) IUCN का मुख्यालय स्विट्जरलैंड शहर में है। IUCN विलुप्तप्राय, असुरक्षित व दुर्लभ जीवों तथा पादपों की संकटापन्न स्थिति की जानकारी हेतु **रेड डाटा बुक** जारी करता है।

40. **व्याख्या :** (D) घास पारितंत्र में वृक्ष विहीन शासकीय पौधे पाये जाते हैं जो कि विस्तृत प्रकार की घास प्रजाति द्वारा प्रभावी रहते हैं। यहाँ वर्षा 25 से 75 सेमी. होती है।
उदाहरण :- प्रेयरीज (उत्तरी अमेरिका), सवाना (अफ्रीका), स्टेपीज (यूरेशिया), कैम्पास (ब्राजील), वेल्ड (दक्षिण अफ्रीका), पुस्ताज (हंगरी)।

41. **व्याख्या :** (C) नासा ने विश्व की सबसे बड़ी और सर्वाधिक शक्तिशाली अंतरिक्ष दूरबीन 'जेम्स वेब टेलीस्कोप' को लॉन्च किया। यह आकाशगंगा, एस्टेराइड व ब्लैक हॉल्स की खोज में मदद करेगा।

42. **व्याख्या :** (D) स्पार्क एक डिजिटल कंटेंट है जिसमें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का इतिहास व सफलताओं की झलक दिखती है।

43. **व्याख्या :** (B) इसका निर्माण 2009 में प्रारंभ हुआ तथा इसकी लागत 20000 करोड़ से अधिक आयी। इस पर मिग-29 लड़ाकू विमान, कामोव-31 हेलीकॉप्टर, एमएच-60 आर. हेलीकॉप्टर का संचालन किया जा सकता है।

44. **व्याख्या :** (B) दाल में प्रोलेमिन्स प्रोटीन पाया जाता है, जबकि एल्ब्यूमिन प्रोटीन अण्डे में पाया जाता है।

45. **व्याख्या :** (C) रक्तक्षीणता, मधुमेह, डायबिटीज, कैंसर, घेंघा, गठिया आदि असंक्रामक रोग के उदाहरण हैं।

46. **व्याख्या :** (B) परम प्रवेगा का निर्माण इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बैंगलुरू द्वारा नेशनल सुपर कम्प्यूटर मिशन के तहत किया है।

47. **व्याख्या :** (D) इलेक्ट्रोनों के प्रवाह में उत्पन्न इस बाधा को प्रतिरोध कहते हैं। पदार्थ की प्रतिरोधकता निर्भर करती है-
1. प्रतिरोध की लम्बाई पर
2. अनुप्रस्थ काट पर
3. प्रतिरोध के पदार्थ पर
4. प्रतिरोध के ताप पर।

48. **व्याख्या :** (D) प्राथमिक सेल : रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित कर सकता है। इन सेलों को पुनः आवेशित नहीं कर सकते हैं। यह अनुत्क्रमणीय रासायनिक अभिक्रियाएँ हैं। उदाहरण : शुष्क सेल, वोल्टीय सेल, लेक्लांशी सेल व डेनियल सेल।

49. **व्याख्या :** (C) भैंस - जाफरावादी, मुर्रा, सूरती, भदावरी।
गाय - गिर, साहिवाल, सिंध, थारपारकर।
बकरी - सिरोही, बारबरी, पश्मीना, जमनापरी।
भेड़ - चोकला, चनोथर, डोली।

50. **व्याख्या :** (D) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का नोडल विभाग **उद्यानिकी विभाग** है। इसमें केन्द्र व राज्य का अनुपात 60:40 है।

51. **व्याख्या :** (B) राज्य की कुल कार्य सहभागिता दर 43.6% है जिसमें शहरी 32.3% तथा ग्रामीण 47.3% है।

52. **व्याख्या :** (C) सरसों का ईजन छाप तेल कारखाना भरतपुर में है तथा यह वनस्पति उद्योग हेतु प्रसिद्ध है।
- वीर बालक छाप तेल कारखाना जयपुर में स्थित है।

53. **व्याख्या :** (D) राजस्थान जल क्षेत्र पुनर्गठन परियोजना एनडीबी की सहायता से 8 जिलों में लागू है। इससे 22831 हैक्टेयर भूमि लाभान्वित होगी।

54. **व्याख्या :** (A) शहीद बीरबल शाखा का संबंध जैसलमेर जिले से है। अनूपगढ़, पुंगल, बिरसलपुर, दांतौर शाखा बीकानेर में है।

55. **व्याख्या :** (C) सेमफेक्स योजना - भूतपूर्व सैनिकों हेतु, फ्लेक्सी योजना अच्छे उद्यमी हेतु तथा शिल्पवादी योजना शिल्पकारों हेतु राज्य वित्त निगम (1955) द्वारा संचालित हैं।

56. **व्याख्या :** (D) इस योजना के तहत विधवा, तलाकशुदा व परित्यक्ता महिलाओं को पेंशन प्रदान की जाती है। 75 से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाती है।

57. **व्याख्या :** (C) मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा इस योजना की शुरुआत 20 अगस्त, 2021 को की गई। इसके तहत 200 विद्यार्थियों को विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में अध्ययन हेतु सहायता दी जाती है।

58. **व्याख्या :** (C) 73वें संविधान संशोधन द्वारा महिलाओं हेतु 1/3 आरक्षण की व्यवस्था है। 50% आरक्षण का प्रावधान ऐच्छिक है, जिसे राज्य चाहे तो लागू कर सकता है।

59. **व्याख्या :** (B) इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइंस की स्थापना एस. एन. मेडिकल कॉलेज (जोधपुर) में की जाएगी।

60. **व्याख्या :** (B) राजस्थान में प्रचलित मूल्य पर प्रतिव्यक्ति आय 135218 रुपये है, जबकि भारत की प्रति व्यक्ति आय प्रचलित मूल्य पर 150326 रुपये है।

61. **व्याख्या :** (D) भारत में राष्ट्रीय आय को मापने का कार्य राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय करता है। यह राष्ट्रीय आय की गणना आय विधि, उत्पाद विधि एवं व्यय विधि से करता है।

62. **व्याख्या :** (B) 1990 के दशक में शहरीकरण की प्रक्रिया ने आर्थिक विकास किया, जबकि शहरी सेवाओं की बढ़ती कमी के कारण शहरी जीवन सूचकांकों की गुणवत्ता में कमी आयी।

63. व्याख्या : (D) सार्वजनिक वितरण प्रणाली का संचालन केन्द्र व राज्य सरकारों की संयुक्त जिम्मेदारी है। वर्तमान में आमतौर पर गेहूं, चावल व चीनी का वितरण किया जाता है।

64. व्याख्या : (A) भारत में सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985-90) के दौरान नीली क्रांति की शुरुआत हुई।

65. व्याख्या : (C) प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना भारत सरकार का फ्लैगशिप कार्यक्रम है, जिसका क्रियान्वयन खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्योग मंत्रालय करता है।

66. व्याख्या : (B) बजट 2022-23 में राजकोषीय घाटा, सकल घरेलु उत्पाद का 6.4% (16,61,169 करोड़ रुपये) होगा।

67. व्याख्या : (C) इंटरनेट ऑफ थिंग्स टू ग्रो ई-कॉमर्स क्षेत्र में ग्राहक के ऑर्डर ट्रेक, डिलिवरी व शॉपिंग का कार्य। IOT से इंवेंट्री का स्वचालित प्रबंधन IOT सेंसर और RFID Tag के साथ कॉर्पोरेट प्रक्रिया को सरल करता है।

68. व्याख्या : (C) CRR- एक बैंक की कुल जमा राशि का हिस्सा, जिसे आरबीआई द्वारा आरक्षित रखने के लिए अनिवार्य किया जाता है।

69. व्याख्या : (B) तरलता जाल एक विरोधाभासी आर्थिक स्थिति है जिसमें ब्याज दरें बहुत कम होती हैं और बचत दरें अधिक होती है, जिससे मौद्रिक नीति अप्रभावी हो जाती है।

70. व्याख्या : (A) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम में 100 दिन का रोजगार, रजिस्ट्रेशन होने के 15 दिन के भीतर उपलब्ध कराना आवश्यक है।

71. व्याख्या : (C) भाबर- यह भू-भाग हिमालयी नदियों द्वारा लाये गये पत्थर, कंकड़, बजरी आदि के जमाव से बनता है।
खादर -नवीन जलोढ़ मिट्टी से निर्मित भू-भाग।
बांगर- पुरानी जलोढ़ मिट्टी से निर्मित भू-भाग।

72. व्याख्या : (B) महानदी डेल्टा ओडिशा में स्थित है।
- गोदावरी व कृष्णा डेल्टा आंध्रप्रदेश में स्थित है।
- कावेरी डेल्टा तमिलनाडु में स्थित है।

73. व्याख्या : (B) जून से सितंबर के मध्य भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसूनी पवनों द्वारा मानसूनी वर्षा होती है।

74. व्याख्या : (D) सोन नदी का उद्‌गम मध्यप्रदेश स्थित अमरकंटक की पहाड़ी से होता है।
- यह बिहार में जाकर गंगा में मिलती है।
- केन नदी - कैमूर की पहाड़ी (मध्यप्रदेश) से निकलती है।

75. व्याख्या : (C) सूरत - तापी
नासिक - गोदावरी, उज्जैन - शिप्रा नदी के किनारे
मैसूर - कावेरी नदी के किनारे।

76. व्याख्या : (A) बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान कर्नाटक राज्य में स्थित है।
- इसे 1974 में टाइगर रिजर्व घाषित किया गया था।

77. व्याख्या : (C) भारत के जम्मू-कश्मीर में स्थित दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान को 1981 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।
- दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान हिम तेंदुओं के लिए प्रसिद्ध है।

78. व्याख्या : (D) चावल एक उष्ण कटिबंधीय फसल के अंतर्गत आता है।
- पूसा सूगंधा, माही सूगंधा व बाला चावल की प्रमुख किस्में हैं।

79. व्याख्या : (C) घाटशिला झारखण्ड में स्थित है। यहाँ पर ताँबा का प्रमुख खनन किया जाता है।
- कोरापुट ओडिशा में स्थित मैंगनीज खनन क्षेत्र है।

80. व्याख्या : (C) भारत में हेमेटाइट लौह अयस्क सर्वाधिक मात्रा में पाया जाता है। लौह अयस्क हेतु प्रमुख राज्य ओडिशा, झारखण्ड, कर्नाटक व छत्तीसगढ़ हैं।

81. व्याख्या : (A) केन्द्र सरकार द्वारा नवम्बर 2016 में छत्तीसगढ़ से किसानों को सौर ऊर्जा चलित सिंचाई पम्प प्रदान करने हेतु सौर-सुजला योजना शुरू की गई।

82. व्याख्या : (B) NALCO नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड का कारखाना दामनजोड़ी - कोरापुट (ओडिशा) में स्थित है।
- अंगुल ओडिशा में स्थित एल्युमिनियम कारखाना है।

83. व्याख्या : (A) पहले सफल वैक्यूम पैन प्रक्रिया द्वारा चीनी संयंत्र की स्थापना 1904 ई. में बिहार के सारण में की गई थी।

84. व्याख्या : (A) भारत में पाइपलाईन परिवहन की शुरुआत 1965 में डिगबोई से तिनसुकिया तक की गई।
मुंबई-पुणे पाइपलाईन से पेट्रोलियम का परिवहन किया जाता है।

85. व्याख्या : (C) कार्डेमम प्रायद्वीपीय भारत का दक्षिणतम पर्वत क्षेत्र है।
- यह केरल एवं तमिलनाडु की सीमाओं पर स्थित है।
- यह पश्चिमी महाराष्ट्र का हिस्सा है।

86. व्याख्या : (A) राजस्थान सरकार ने प्रथम सौर ऊर्जा नीति अप्रैल, 2011 को घोषित की। राजस्थान देश का प्रथम राज्य है जहाँ सौर ऊर्जा नीति को मंजूरी दी गई। राज्य का पूर्णतया सौर ऊर्जा से संचालित गांव लुम्बासर (बीकानेर) है। राजस्थान ने दूसरी सौर ऊर्जा नीति की घोषणा 8 अक्टूबर, 2014 को की।

87. व्याख्या : (B) राजस्थान में संभागीय व्यवस्था की सर्वप्रथम शुरुआत 30 मार्च, 1949 को हीरालाल शास्त्री के द्वारा राजस्थान एकीकरण के चौथे चरण में की गई। तत्कालीन राजस्थान में 5 संभाग (जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर व बीकानेर) व 25 जिले थे। अप्रैल, 1962 में मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया ने संभागीय व्यवस्था को समाप्त कर दिया था।

88. व्याख्या : (B) 1. हम्मादा - पथरीला चट्टानी मरुस्थल, 2. इर्ग - रेतीला मरुस्थल, 3. वल्ल/मांड - जैसलमेर व बाड़मेर का क्षेत्र, 4. ढांढ़ - विशिष्ट लवणीय क्षेत्र, 5. थली - सरदारशहर (चूरू) और बीकानेर का निकटवर्ती क्षेत्र, 6. रेग - पथरीला एवं रेतीली मिट्टी का मिश्रित क्षेत्र।

89. व्याख्या : (C) अरब सागर शाखा तथा बंगाल की खाड़ी शाखा दोनों बांसवाड़ा जिले में मिल जाती हैं, इसलिए मानसून की सर्वाधिक सक्रियता बांसवाड़ा में रहती है। बंगाल की खाड़ी शाखा सर्वप्रथम झालावाड़ जिले में प्रवेश करती है।

90. व्याख्या : (D) संगमरमर कायांतरित चट्टानों में पाया जाता है। यह तीन प्रकार का होता है -
1. केल्साइट - मकराना, अजमेर

2. डोलोमाइट – राजसमंद, त्रिपुरा सुंदरी (बांसवाड़ा)

3. सिलसियस – उदयपुर।

एशिया की सबसे बड़ी संगमरमर मंडी व परिशोधन केन्द्र-किशनगढ़ (अजमेर)।

91. **व्याख्या :** (C) बाण्डी नदी का उद्गम हेमावास (पाली) में होता है। यह नदी लाखेरी गांव के पास विलिन हो जाती है। यह नदी पाली और जोधपुर की सीमा बनाती है। बाण्डी नदी के जल को रोककर फॉयसागर झील का निर्माण किया गया है।
– यह लूनी नदी में बायीं ओर से मिलने वाली प्रथम नदी है।

92. **व्याख्या :** (C) ब्रिजलोन योजना – तकनीकी योग्यता प्राप्त व्यक्तियों को स्वरोजगार हेतु ऋण उपलब्ध करवाना।
टेक्नोक्रेट योजना – तकनीकी योग्यता प्राप्त व्यक्तियों को स्वरोजगार हेतु ऋण उपलब्ध करवाना।
सेमफेक्स योजना – भूतपूर्व सैनिकों को स्वरोजगार प्रदान करने हेतु उद्योग स्थापना के लिए ऋण देना।

93. **व्याख्या :** (B) रामगढ़ विषधारी अभयारण्य (बूंदी) की स्थापना वर्ष 1982 में हुई। इसका क्षेत्रफल 360 वर्ग किमी. है। वर्तमान में यह 'बाघ कॉरिडोर' में शामिल है। इसे अजगर की शरणस्थली भी कहा जाता है। मेज नदी इसके मध्य से गुजराती है।

94. **व्याख्या :** (A) 1. एपीकल्चर – मधुमक्खी पालन, 2. विटीकल्चर – अंगूर की खेती, 3. वर्मीकल्चर – केंचुआ पालन, 4. पिसीकल्चर – मछली पालन, 5. हॉर्टिकल्चर – उद्यान निर्माण, 6. सेरीकल्चर – रेशम कीट पालन, 7. फ्लोरीकल्चर – फूलों की खेती, 8. ओलेरीकल्चर – फलों की कृषि।

95. **व्याख्या :** (B) दुधारू पशुओं की दूध वृद्धि के लिए प्रथम जर्म प्लाज्मा केन्द्र बस्सी (जयपुर) में तथा दूसरा नर्वा खीचियान (जोधपुर) में स्थापित किया गया। राजस्थान का सीमन बैंक बस्सी (जयपुर) में है। इसकी स्थापना गाय एवं भैंस वंश की नस्ल में सुधार के लिए की गई।

96. **व्याख्या :** (A) अटल भू-जल योजना (अभय) भारत सरकार एवं विश्व बैंक के सहयोग से (50:50 प्रतिशत के आधार पर) देश के सात राज्यों हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तरप्रदेश एवं मध्यप्रदेश राज्यों में भू-जल के गिरते स्तर को रोकने तथा भू-जल के बेहतर प्रबन्धन हेतु 1 अप्रैल, 2020 से प्रारंभ की गई है।

97. **व्याख्या :** (B) राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार 23°03' उत्तरी अक्षांश से 30°12' उत्तरी अक्षांश के मध्य विस्तारित है तथा राज्य का देशांतरीय विस्तार 69°30' पूर्वी देशांतर से 78°17' पूर्वी देशांतर के मध्य विस्तारित है। 0° देशांतर/ग्रीनविच रेखा से पूर्व दिशा की ओर जाने पर समय बढ़ता है। राज्य के धौलपुर एवं जैसलमेर में सूर्योदय एवं सूर्यास्त का अंतराल 35 मिनट, 8 सैकण्ड है।

98. **व्याख्या :** (D) घग्घर का मैदान श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ के लगभग 75 प्रतिशत भाग पर विस्तारित है। यह क्षेत्र क्षारीयता, अम्लीयता, जल भराव तथा मरुस्थलीकरण की समस्या से ग्रसित है, जो एक पर्यावरण संकट खड़ा करता है। घग्घर नदी क्षेत्र को नाली/पाट/बग्गी कहते हैं। इस क्षेत्र को राजस्थान का अन्नागार कहा जाता है।

99. **व्याख्या :** (D) मिश्रित काली मिट्टी कपास एवं मक्का के उत्पादन के लिए उपयोगी है। मालवा पठार काली मिट्टी व दक्षिणी अरावली की लाल मिट्टी से बनी है। यह मिट्टी मुख्यत: डूंगरपुर, बांसवाड़ा, राजसमंद, उदयपुर और चित्तौड़गढ़ में पाई जाती है।

100. **व्याख्या :** (A) राजस्थान के पश्चिमी भाग में कम वर्षा होने का कारण है, अरब सागर की मानसूनी शाखा का अरावली पर्वतमाला के समानान्तर निकल जाना है। अरब सागर शाखा राजस्थान के दक्षिणी भाग में सर्वाधिक वर्षा करती है। माउंट आबू (सिरोही) में सर्वाधिक वर्षा अरब सागर शाखा से होती है।

101. **व्याख्या :** (B) 9 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा की पहली बैठक आयोजित हुई।
– सच्चिदानंद सिन्हा को अस्थायी अध्यक्ष बनाया गया था।
– राजेन्द्र प्रसाद को स्थायी अध्यक्ष बनाया था गया।

102. **व्याख्या :** (A) ऑस्ट्रेलिया के संविधान से समवर्ती सूची तथा संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक का प्रावधान लिया गया।
– सोवियत संघ से मूल कर्त्तव्य लिये गए।

103. **व्याख्या :** (C) भारत की प्रभुत्ता बनाये रखना प्रस्तावना का भाग है।
– संवैधानिक उपचारों का अधिकार – अनुच्छेद 32
– संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार – अनुच्छेद 29 व 30

104. **व्याख्या :** (B) नीति-निदेशक तत्व संविधान के भाग-4 में है। इनका विस्तार अनुच्छेद 36 से 51 तक है।
– नीति-निदेशक तत्व आयरलैण्ड के संविधान से प्रभावित हैं।

105. **व्याख्या :** (D) स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर ही 1976 में संविधान में मूल कर्त्तव्य जोड़े गये।
– मूल कर्त्तव्य संविधान के भाग-4 में अनुच्छेद 51(क) में है।

106. **व्याख्या :** (A) अनुच्छेद 143 के तहत राष्ट्रपति सर्वोच्च न्यायालय से विधिक सलाह ले सकता है।
अनुच्छेद-117(1) – धन विधेयक राष्ट्रपति की सिफारिश से ही संसद में पेश किया जा सकता है।

107. **व्याख्या :** (B) मंत्रिमंडल शब्द मूल संविधान में सम्मिलित नहीं था। इसे 44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 के द्वारा अनुच्छेद-352 में शामिल किया गया।

108. **व्याख्या :** (C) अनुच्छेद-174 के तहत राज्यपाल राज्य विधानसभा के सत्र को आहुत, सत्रावसान और विघटित कर सकता है।
– सत्र का स्थगन – विधानसभा अध्यक्ष द्वारा किया जाता है।

109. **व्याख्या :** (A) राजस्थान में पहली बार 13 मार्च, 1967 को जब राष्ट्रपति शासन लगा उस समय राज्यपाल सम्पूर्णानंद थे तथा मोहनलाल सुखाड़िया मुख्यमंत्री थे।
राजस्थान में अब तक 4 बार राष्ट्रपति शासन लग चुका है।

110. **व्याख्या :** (B) राजस्थान में 25 लोकसभा सीटें हैं। उनमे से 4 सीटें अनुसूचित जाति के लिए (भरतपुर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, करौली-धौलपुर) आरक्षित हैं तथा 3 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं।
– जनजाति के लिए आरक्षित सीटें हैं–
1. उदयपुर, 2. दौसा, 3. बांसवाड़ा।

111. व्याख्या : (D) पहली बार राष्ट्रपति शासन 2 माह के लिए तत्पश्चात् संसद के सामान्य बहुमत से पारित संकल्पना द्वारा एक बार में 6 माह की अवधि तक बढ़ा सकते हैं।

- अधिकतम समय सीमा 3 वर्ष है।

112. व्याख्या : (A) किसी भी न्यायाधीश को हटाये जाने के लिए लोकसभा में 100 सदस्यों के या राज्यसभा में 50 सदस्यों के हस्ताक्षर होना आवश्यक है।

113. व्याख्या : (A) राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग की स्थापना 18 जनवरी, 1999 को की गई।

- इसके प्रथम अध्यक्ष - कांता भटनागर।
- इसके अध्यक्ष उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हो सकते हैं।

114. व्याख्या : (C) अनुच्छेद-159 के तहत संविधान की तीसरी अनुसूची के अनुसार शपथ में राज्यपाल प्रतिज्ञान करता है। राज्यपाल को संबंधित राज्य के उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश अथवा उसकी अनुपस्थिति की दशा में वरिष्ठतम न्यायाधीश पद की शपथ दिलाता है।

115. व्याख्या : (A) अनुच्छेद-164 के अनुसार मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल करेगा और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राज्यपाल, मुख्यमंत्री की सलाह पर करेगा। श्री प्रकाश सिद्धांत का प्रयोग अनेक अवसरों पर राज्यपालों द्वारा किया जाता रहा है। इसके तहत कोई व्यक्ति विधायिका का सदस्य न होते हुए भी सरकार का मुख्य कार्यकारी बन सकता है। इस सिद्धांत का सर्वप्रथम प्रयोग 1952 में मद्रास के राज्यपाल 'श्री प्रकाश' द्वारा सी. राजगोपालाचारी को मुख्यमंत्री के रूप में नामित करने हेतु किया गया।

116. व्याख्या : (D) रामसर स्थलों की सूची में देश के 11 आर्द्रभूमि क्षेत्रों को शामिल किए जाने की जानकारी 13 अगस्त तथा 10 आर्द्रभूमि क्षेत्रों को शामिल किए जाने की जानकरी 3 अगस्त, 2022 को साझा की गई। इस प्रकार भारत में स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में रामसर स्थलों की कुल संख्या 75 हो गई, जो 13,26,677 हैक्टेयर क्षेत्र में फैली हैं।

117. व्याख्या : (C) आजादी के अमृत महोत्सव के तहत् इस बार देश में 13-15 अगस्त, 2022 को 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत देश के प्रत्येक नागरिक से अपने घर पर राष्ट्रध्वज 'तिरंगा' फहराने का आह्वान किया गया।

118. व्याख्या : (B) भारत में मंकीपॉक्स के बढ़ते मामलों के मद्देनजर केन्द्र सरकार ने शीर्ष नौकरशाहों, मेडिकल एक्सपर्ट्स को मिलाकर"एक मंकीपॉक्स टास्क फोर्स का गठन 31 जुलाई, 2022 को किया गया। इस पाँच सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. पॉल के नेतृत्व में किया गया है।

119. व्याख्या : (A) बालिका उच्च शिक्षा प्रोत्साहन की दिशा में महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी बजट घोषणा 2022-23 के अनुसरण में राज्य में 'बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना' को अगस्त, 2022 में स्वीकृति दी।

120. व्याख्या : (B) राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों को सम्मानित करने के लिए प्रदान किए जाने वाले 'मथुरादास माथुर अवॉर्ड' के 29वें संस्करण की घोषणा अगस्त, 2022 में की गई। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष मथुरादास माथुर की जयंती 6 सितंबर को प्रदान किया जाता है।

121. व्याख्या : (C) स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसरों को समृद्ध करने के उद्देश्य से 'राजीव गांधी एडवांस टेक्नोलॉजी सेंटर' का उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा 20 अगस्त, 2022 को किया गया।

122. व्याख्या : (D) 'विसरॉन' भारत में बनाया गया पहला कृषि ड्रोन है, जिसका प्रदर्शन राजस्थान डिजीफेस्ट-2022 में किया गया। विनय यादव ने विसरॉन की परिकल्पना पर वर्ष 2019 में काम प्रारंभ किया था। विकसित किए गए इस ड्रोन का प्रारंभिक प्रोटोटाइप 1 किग्रा. पेलोड वहन कर सकता है।

123. व्याख्या : (C) विश्व बैंक के ताजा आकलन के अनुसार खाद्य पदार्थों की अत्यधिक महँगाई वाले दस देशों में श्रीलंका पाँचवें स्थान पर है। विश्व बैंक के आकलन के अनुसार इस सूची में लेबनान प्रथम, जिम्बाब्वे द्वितीय, वेनेजुएला तृतीय और तुर्की चौथे स्थान पर है।

124. व्याख्या : (D) मोगादिशु दक्षिणी अफ्रीका देश सोमालिया की राजधानी है, जहाँ स्थित 'हयात होटल' में अलकायदा से जुड़े आतंकी गुट 'अल-शबाब' के आतंकियों ने 19 अगस्त, 2022 को कब्जा कर लोगों को बंधक बना लिया था। 'हयात होटल' में अल-शबाब के हमले में 30 से अधिक लोग मारे गए।

125. व्याख्या : (D) संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित करके स्वच्छ, स्वस्थ और टिकाऊ पर्यावरण तक पहुँच को एक सार्वभौमिक या सार्वजनिक मानवाधिकार 28 जुलाई, 2022 को घोषित किया। इसी तरह का एक प्रस्ताव जिनेवा स्थित मानवाधिकार परिषद ने भी अक्टूबर, 2021 में पारित किया था।

126. व्याख्या : (A) किसी टेक्स्ट की फॉर्मेटिंग को कॉपी करने के लिए Ctrl + Shift + C का प्रयोग किया जाता है।

- किसी टेक्स्ट की फॉर्मेटिंग को अन्य टेक्स्ट पर अप्लाई करने के लिए Ctrl + Shift + V का प्रयोग किया जाता है।

127. व्याख्या : (B) शब्दों को गहरा करने के लिए Ctrl + B अंडरलाइन करने के लिए Ctrl + U टेक्स्ट को तिरछा करने के लिए Ctrl + I का प्रयोग किया जाता है।

128. व्याख्या : (C) स्ट्राइक थ्रू - टेक्स्ट के मध्य में एक रेखा खींचना।

129. व्याख्या : (C) रॉ एवं कॉलम का इंटर सेक्सन सेल कहलाता है।

- सेलों के समुह को 'वर्क शीट' कहा जाता है।
- एक्सेल की प्रत्येक फाइल को 'वर्क बुक' कहते हैं।
- एक्सेल की वर्क शीट का नाम अधिकतम 31 वर्णों का हो सकता है।

130. व्याख्या : (B) माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल एक इलेक्ट्रॉनिक स्प्रेडशीट प्रोग्राम है।

- एम.एस. एक्सेल का फाइल एक्सटेंशन xlsx होता है।
- एम.एस. एक्सेल का रन कमाण्ड Excel. exe होता है।

**131. व्याख्या : (A)** 'ईर्ष्या' अयौगिक अथवा मूल भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है, अन्य शब्द यौगिक या निर्मित भाववाचक संज्ञा के उदाहरण हैं।

**132. व्याख्या : (D)** 'सुभाषचन्द्र बोस देशभक्त थे। आपने देश सेवा के लिए उच्च पद का भी त्याग कर दिया था।' उक्त वाक्य अन्यपुरुषवाचक सर्वनाम (आपने) का उदाहरण है। अन्य सभी वाक्य 'मध्यम पुरुष' सर्वनाम के हैं।

**133. व्याख्या : (A)** संख्यावाचक विशेषण किसी व्यक्ति, प्राणी अथवा वस्तु की (संज्ञा या सर्वनाम) संख्या से संबंधित विशेषता का बोध कराते हैं।

- उक्त वाक्य में 'चालीस' संख्यावाचक विशेषण है।

**134. व्याख्या : (B)** वाक्य में 'तक' शब्द 'जयपुर' का संबंध 'गया' से जोड़ रहा है।

**135. व्याख्या : (B)** नियम - (ऋ) द् + म - ण्

मृद् + मय - मृण्मय,

मृद् + मयी - मृण्मयी, मृद् + मूर्ति - मृण्मूर्ति,

मृद् + मान - मृण्मान।

**136. व्याख्या : (C)** 'सौकुमार्य' शब्द 'सु + कुमार + य' से बना है। 'कुमार' शब्द के साथ 'कु' उपसर्ग नहीं जुड़ा है, अत: यह विकल्प अनुचित है।

**137. व्याख्या : (D)** महावट - महान् है जो वट (बरगद का पेड़), 'आवट' प्रत्यय से निर्मित नहीं है। अन्य सभी शब्द 'आवट' प्रत्यय से निर्मित हैं।

**138. व्याख्या : (B)** 'ध्यानमग्न' सामासिक शब्द का समास विग्रह ध्यान में मग्न होता है।

विद्यालय - विद्या के लिए आलय (सम्प्रदान तत्पुरुष समास)

वनवास - वन में वास (अधिकरण तत्पुरुष समास)

ऋणमुक्त - ऋण से मुक्त (अपादान तत्पुरुष समास)।

**139. व्याख्या : (B)** 'कृष्ण के अनेक नाम हैं।' वाक्य शुद्ध है।

अन्य अशुद्ध वाक्यों के शुद्ध रूप -

- मैंने अनेक एकांकियाँ पढ़ी हैं।
- उनके पास केवल पाँच रुपये हैं।
- पिताजी वापस आए हैं।

**140. व्याख्या : (D)** 'अंधे के हाथ बटेर लगना' लोकोक्ति का सही अर्थ - बिना परिश्रम के अयोग्य व्यक्ति को फल की प्राप्ति।

**141. व्याख्या : (A)** no article with word

**142. व्याख्या : (B)** $V_2$ - / was, were

**143. व्याख्या : (A)** why- connective / do - $V_2$ / did

**144. व्याख्या : (B)** world famous mountain (Rockies)

**145. (C)**

**146. व्याख्या : (A)**

$$5\frac{5}{6}\times 6\frac{3}{7}+5\frac{1}{2}$$

$$=\frac{35}{6}\times\frac{45}{7}+\frac{11}{2}$$

$$=\frac{75}{2}+\frac{11}{2}\Rightarrow\frac{75+11}{2}=\frac{86}{2}$$

$$=43$$

**147. व्याख्या : (B)** माना कि विष्णु द्वारा तय कुल दूरी $=3x\,km$

प्रश्नानुसार -

$$\frac{15.5}{60}=\frac{x}{10}+\frac{x}{30}+\frac{x}{8}$$

$$\Rightarrow\frac{155}{600}=\frac{12x+4x+15x}{120}$$

$$\Rightarrow 31=31x$$

$$\Rightarrow x=1km$$

अत: विष्णु द्वारा तय कुल दूरी = 3 किमी.

**148. व्याख्या : (D)** $\tan A=\cot B$

यदि $A=45^\circ$ हो तो $\tan A=\cot B=1$

अत: $A+B=45^\circ+45^\circ=90^\circ$

**149. व्याख्या : (B)** माध्य अनुपात $=\sqrt{ab}=\sqrt{4\times 64}=16$

तथा तृतीय अनुपात

$$\Rightarrow a:b::b:x\Rightarrow 4:64::64:x$$

$$\Rightarrow\frac{4}{64}=\frac{64}{x}\Rightarrow x=64\times 16=1024$$

**150. व्याख्या : (C)** व्यासों का योग = 35 मीटर

माना वृत्तों की त्रिज्याएं $r_1$ तथा $r_2$ है।

प्रश्नानुसार $r_1+r_2=17.5$ ...(1)

$$2\pi r_1-2\pi r_2=22$$

$$\Rightarrow r_1-r_2=\frac{22}{2\times 22}\times 7$$

$$\Rightarrow r_1-r_2=3.5 \quad ...(2)$$

समी. 1 व 2 को हल करने पर,

$$r_1=10.5m,\ r_2=7m$$

अत: छोटे वृत्त की त्रिज्या $=7m$

□□□


राजस्थान सामान्य ज्ञान
वन लाइनर प्रश्न-उत्तर
500+ क्लिक करें एवं पढ़ें


राजस्थान सामान्य ज्ञान
लाइव क्लास की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें


SSC GD
All Old Paper PDF
Solved Paper
PDF DOWNLOAD


सम्पूर्ण नोट्स PDF
विषयवार ई-बुक
सभी PDF यहां से डाउनलोड करें

भारत सामान्य ज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

सामान्य विज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें





- विषयवार ई- बुक यहाँ से देखे
- Youtube पर ऑनलाइन क्लासे देखे
- लेटेस्ट पोस्ट (GK क्विज)
- 1000 प्रश्न ई-बुक Download
- राजस्थान GK ई- बुक डाउनलोड
- Computer E- book Download
- Rajasthan Gk Questions
- India Gk Questions
- One Liner Gk Questions




RAJASTHAN CET
सामान्य हिन्दी
Download Now

सामान्य ज्ञान
5100+ प्रश्न

राजस्थान GK
LIVE CLASS PDF
DAILY UPDATE